काशी में पीएम

amarujala वाराणसी सोमवार, 17 फरवरी 2020 3 अमर उजाला

पीएम ने देश का नाम दुनिया में बढ़ाया : योगी आदित्यनाथ

दीनदयाल हस्तकला संकुल में पीएम का स्वागत करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम ने देश का नाम दुनिया में बढ़ाया है। भारत पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम हो रहा है। हमारी पहले की सरकारों ने भी पूर्वी से एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था में मदद करने का प्रण किया है। पीएम की प्रेरणा से ओडीओपी के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। पीएम के दिशाए मार्ग पर बड़े उद्योग की आवश्यकता छोटे उद्योग से रखी जाएगी। इसी दिशा में पूर्वी में 90 लाख छोटे उद्योग एक्सपोर्ट को आगे बढ़ा रहे हैं। ओडीओपी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्हें नई डिजाइन ब्रांडिंग के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पारंपरागत कारीगरों को विश्वकर्मा श्रम पुरस्कार दिया गया। आठ हजार करोड़ रुपये का बैंक लोन दिलाया गया।

भारत बनेगा मैन्युफैक्चरिंग पावर दुनियाभर में पहुंचेगा अपना उत्पाद

पूजन श्रीवास्तव

बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में प्रधानमंत्री ने ओडीओपी प्रदर्शनी को सराहा

वाराणसी। काशी एक रूप अनेक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को मैन्युफैक्चरिंग पावर बनना है। यहां के उत्पादों को दुनियाभर में पहुंचाना है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 17 हजारवीं को ट्रूल किट भी दी।

बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में शनिवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं यहां आज तीसरे कार्यक्रम में पहुंचा हूं। पहला आध्यात्मिक कुंभ, दूसरा आधुनिकता कुंभ और तीसरा स्वरोजगार कुंभ, जहां शिल्पकारों और कलाकारों के दर्शन का सौभाग्य मिला। यहां का दृश्य देखकर लगा काशी एक है और इसके रूप अनेक हैं। मेक इन इंडिया ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) के पीछे अवधारणा है कि परंपरा को आधुनिकता से जोड़ा जाए। भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन यूएस डॉलर बनाने के पीछे यही सपना है। इसे बढ़ाने में उत्तर प्रदेश डिजाइन संस्थान की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि देश पुरानी अपेक्षा से आगे निकल चुका है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के कारोबारियों के उत्पाद प्रदर्शित हो रहे हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र व गुलाबी मीनाकारी भेंट किया वहीं, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्पेट पर उकेरी गई पीएम की उनकी मां के साथ की तस्वीर भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में पूर्वी एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने के लिए अग्रसर है। पीएम के साथ मंच पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, प्रदेश के मंत्रियों में सिद्धार्थ नाथ सिंह, चौधरी उदय भान सिंह के अलावा यूपी डिजाइन संस्थान की अध्यक्ष विप्रा शुक्ला मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पांच हजार लाभार्थियों को ट्रूल किट वितरित की गई।

पीएम ने कहा कि जीएसटी लागू होने से लॉजिस्टिक में देश में बदलाव आया है। इसे और मजबूत किया जा रहा है। नेशनल लॉजिस्टिक पालिसी तैयार की जा रही है। इससे सिंगल विंडो ई लॉजिस्टिक मार्केट तैयार होगा। टैक्स में सुधार हुआ है।

हस्तकला संकुल में आयोजित काशी एक रूप अनेक कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को चेक प्रदान करते प्रधानमंत्री और मौजूद लोग। अमर उजाला

मोबाइल से आवेदन करने पर मिल जाएगा लोन

बजट पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने तमाम खूबियां बताईं। कहा कि आने वाले दिनों में मोबाइल से आवेदन करने पर ही लोन मिल जाएगा। इस मौके पर पीएम ने काशी वासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले पीएम ने ओडीओपी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया और स्टॉल का अवलोकन किया। इसके बाद ई-कॉमर्स पोर्टल का लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। ए जर्नी आफ उत्तर प्रदेश की पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान यूपी डिजाइन संस्थान और ओडीओपी की यात्रा आधारित लघु फिल्म दिखाई गई।

हस्तकला संकुल में आयोजित प्रदर्शनी में स्टाल पर उत्पाद देखते लोग।

बुनकरों की जीवन आसान हो जाएगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनकर साथियों को मुद्रा दी जा रही है। बैंक से लोन दिया जा रहा है। हर जिले में एक प्रोडक्ट है। उसकी एक पहचान है। इससे बुनकरों की जीवन आसान हो जाएगा। आदित्यनाथ सेठी में आईटीएक प्रोडक्ट बनाए जा रहे हैं। यूपी की डिजाइन संस्थान ने दो साल के भीतर 30 जिलों के 3500 कलाकारों को सहायता दी गई है। एक हजार को ट्रूल किट बांटे गए। बाजार सेलर मीट, कांक्लेव, वर्कशॉप करके हजारों कलाकारों की कारीगरी बढ़ाने और पहचान लाने की पहल की है।

21 वीं सदी के हिसाब से बनाएं प्रोडक्ट

पीएम ने कहा कि 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति का संकल्प लिया है। पूरी दुनिया प्लास्टिक का विकल्प ढूंढ रही है। इनवायरमेंट फ्रेंडली समाधान को पूरी दुनिया से साझा करने की जरूरत है। 21 वीं सदी के हिसाब से प्रोडक्ट बनाएं। मांग के अनुसार उत्पाद में जरूरी बदलाव करें।

तब की सरकारों के पास एप्रोच की समस्या थी

पीएम ने कहा कि 2014 से पहले बनारस, पूर्वी के सामान्य बुनकर, निर्यातक इस तरह निवेशकों से आनलाइन प्लेटफार्म से संवाद नहीं कर पाते थे। ऐसा कोई मंच नहीं था। तब की सरकारों के पास पैसा नहीं था या समझ नहीं था ऐसा नहीं कह सकते हैं। एप्रोच की समस्या थी। देश पुरानी एप्रोच से निकल चुका है। हम आगे बढ़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के हस्तकला संकुल देश भर में इस प्रकार बनाए गए हैं।

बजट से पांच साल का खींचा खाका

पीएम ने कहा कि बजट से सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। छोटे मझोले उद्योग का खाका खींचा गया है। देश में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। पूर्वी में कपड़ा और कालीन रोजगार के महत्वपूर्ण साधन हैं। जितना कार्पेट हम एक्सपोर्ट करते हैं उससे कहीं अधिक टेक्निकल टेक्सटाइल इंपोर्ट करता है। मैटेरियल पर एंटीडंपिंग ड्यूटी खत्म कर दी है।

टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन पर खर्च होंगे 1500 करोड़

पीएम ने कहा कि नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन शुरू किया गया है। इस पर 1500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पूर्वी में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर के लिए 3700 करोड़ का प्रावधान है। इससे छोटे उद्योगों को लाभ होगा। पहले एक करोड़ टर्नओवर वालों को मोर के पास जाना पड़ता था। अब पांच करोड़ रुपये तक के उद्योग को ऑडिट मुक्त किया गया है।

अमर उजाला खबर खजाना पढ़ाने में लिखने
दो सवाल और मौका उपहार जीतने का
जवाब आज की खबरों में ही...
A1 तीन बच्चों की मां कौन सी टेनिस स्टार लगातार सात बार कोर्ट पर छाती रही है?
(A) निकोल टेकचेर्ट (B) सोने डिमेलस (C) डिम डिमचर्ट
A2 भारत के बाहर दुनिया का पहला सोलर विश्वविद्यालय कहां है?
(A) मलेशिया (B) चीन (C) अमेरिका
रोजाना जीतें ₹200 Gift Voucher
सुबह 6 से शाम 5 बजे तक सही जवाब SMS करें-
<पिन कोड> <स्पेस><A1 का जवाब><स्पेस><A2 का जवाब>
7527867700 पर
उदाहरण: 201010 A C

प्रधानमंत्री को भाया चंदौली का काला चावल, गुलाबी मीनाकारी के हुए कायल

एक छत के नीचे 75 जिलों के उत्पाद देख अभिभूत हुए नरेंद्र मोदी

बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में लगी प्रदर्शनी का पीएम ने किया अवलोकन

ललित शंकर पांडेय

वाराणसी। यह तो गजब है, बहुत शानदार..., इसे तैयार करने में काफी परिश्रम हुआ होगा। काशी की गुलाबी मीनाकारी का तो जवाब नहीं। वाह, लाजवाब। बहुत सुंदर। यह बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ालालपुर स्थित टीएफसी में आयोजित प्रदर्शनी के दौरान स्टाल संचालकों से कहीं।

रविवार को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की ओर से काशी एक रूप अनेक कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे प्रधानमंत्री चंदौली के स्टाल पर काला चावल देख आश्चर्यचकित रह गए। किसान से चावल का भाव पूछा और पकाने की विधि के बारे में जानकारी ली। अन्नदाताओं द्वारा तैयार की गई इस खास फसल के बारे में भी पूछताछ की। इसके बाद पीएम जीआई विशेषज्ञ व पद्मश्री डॉ. रजनीकांत के स्टाल पर पहुंचे। चुनार की पॉटरी और बनारसी बुनकरी में गणेशजी को देख अभिभूत हुए और सराहना की। जीआई उत्पादों के बारे में भी जानकारी ली। गिर के शेर का मॉडल भी हाथों में लेकर देखा। लाभार्थियों को टूल किट व ऋण बांटने से पहले प्रधानमंत्री करीब 15 मिनट तक एक छत के नीचे सूबे के 75 जिलों के उत्पाद देखे। कई बार ऐसा मौका आया जब स्टालों पर संचालकों से जानकारी लेकर प्रधानमंत्री ने उत्पादों की प्रशंसा की। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री उदयभान चौधरी, यूपीआईडी की अध्यक्ष विप्रा शुक्ला मौजूद रहीं।

काशी एक रूप अनेक कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में काला चावल के बारे में जानकारी देते स्टाल संचालक। अमर उजाला

प्रदर्शन में इन उत्पादों ने किया आकर्षित

प्रदर्शनी में वाराणसी के सिल्क उत्पाद, वुड कार्विंग, ड्रोन थर्ड, लाख बीड्स, गुलाबी मीनाकारी, चुनार की पाटरी, मिर्जापुर के पीतल के बर्तन, गोरखपुर का टेराकोटा, अलीगढ़ का हार्डवेयर, गौतमबुद्धनगर के रेडीमेड गारमेंट, बुलंदशहर के सिरेमिक उत्पाद, चंदौली की जरदोजी, काला चावल, भदोही का कारपेट, सोलर लाइट, फीरोजाबाद के कांच के उत्पाद, कन्नौज का इत्र, मुरादाबाद की धातु शिल्प, आगरा के जूते-चप्पल, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स, लखनऊ की चिकनकारी, आजमगढ़ की ब्लैक पाटरी लुभाते रहे।

पीएम के हाथों टूल किट व ऋण पाकर खिले चेहरे

प्रधानमंत्री के संग मंच पर एक साथ सम्मानित होने पर खुशी से झूम उठे

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बुनकरों, कारीगरों और दो उद्यमियों में लोन और टूल किट का वितरण किया। देश के प्रधानमंत्री के हाथों टूल किट पाकर बुनकरों और कारीगरों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं परंपरागत व्यापार उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन के तहत पीएम के हाथों लोन पाकर उद्यमी भी खूब प्रसन्न दिखे। प्रधानमंत्री के संग मंच पर एक साथ सम्मानित होने पर खुशी से झूम उठे।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत लहरताल निवासी कविता को सिलाई मशीन, गायघाट निवासी अश्विनी विश्वकर्मा को वेल्डिंग किट, ओडीओपी के तहत चंदौली की कशिश को जरी जरदोजी में किट, लहरताल निवासी द्युति अग्रवाल को ओडीओपी के तहत 47.50 लाख का ऋण, साड़ी मैन्युफैक्चरिंग के लिए चौक निवासी बृजरतन साह को 23 लाख का ऋण वितरित किया गया। मंच पर विभिन्न सोसाइटी से आए बुनकरों में रामनगर निवासी अमरेश फुलगाहा, बजरडीहा निवासी जुल्फेकार, पोलापुर के सुनील कुमार, काशी विद्यापीठ ब्लॉक के मौलाना अनवर, सेवापुरी ब्लॉक के मो. मंजूर खान, अराजीलाइन के अब्दुल हाफिज, पिंडरा के चंद्रभूषण सिंह, बड़ागांव के रियाजुद्दीन और चिरईगांव के लालजन को पीएम मोदी ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भदोही की घमहापुर निवासी सुनीता देवी, मीरजापुर की सहरीपट्टी निवासी कमलेश कुमार पाटम और वाराणसी के उदरा निवासी साहूलाल को सोलर लाइट वितरित किया गया।

'काशी एक, रूप अनेक' कार्यक्रम में लाभार्थियों को दिया गया प्रमाणपत्र।

सिलाई मशीन के जरिये अपने परिवार की आर्थिक तौर पर सहायता कर सकूंगी। माता-पिता के साथ परिवार की जीविका को आगे बढ़ाने के लिए पीएम द्वारा मिला यह टूल किट का सही सदुपयोग होगा। - कविता, कबीरमठ गली, लहरताल

टूल किट के जरिये अपने लेदर के व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब हो सकूंगा। विश्वास नहीं था कि पीएम के हाथों टूल किट पाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। खूब मेहनत करके व्यापार को आगे बढ़ाऊंगा। - अश्विनी श्रीवास्तव, गायघाट

ओडीओपी के तहत मिले 47.50 लाख के ऋण से अपने इंक्रावडरी और डिजिटल प्रिंटिंग के व्यापार को आगे बढ़ाऊंगी। ऋण वितरण के दौरान पीएम ने शाबासी भी दी। विश्वास ही पर अद्भुत क्षण था। - द्युति अग्रवाल, लहरताल

साड़ी की परंपरागत व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ओडीओपी के तहत 23 लाख का लोन मिला। पांच पीढ़ी से चली आ रहे इस व्यापार को और ऊंचाइयों पर ले जाने और काशी का मान बढ़ाने के लिए प्रयत्नशील रहूंगा। - बृजरतन साह, चौक

मुझे विश्वास नहीं था कि प्रधानमंत्री के हाथों टूल किट मिलेगा। जरी जरदोजी को लेकर किट प्रदान किया गया। यह बेहद खुशी का पल मेरे लिये रहा। व्यापार में प्रगति कर सकूंगी। - कशिश, चंदौली

सूचना एवं वैधानिक चेतावनी

समस्त कपिला पशु आहार के वितरक/डीलर/विक्रेताओ एवं ग्राहक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि कपिला पशु आहार ट्रेडमार्क के अतर्गत पशु आहार का उत्पादन, वितरण एवं विज्ञापन करते हुए अतिलंघन कारित करने से मेसर्स कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड को माननीय वाणिज्यिक न्यायालय, कानपुर नगर (कामर्शियल कोर्ट) ने वाद सख्या 02 सन् 2016 में पारित अतरिम निषेधाज्ञा आदेश दिनांकित 12-02-2020 के माध्यम से मेसर्स कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड को कपिला पशु आहार के उत्पादन, वितरण एवं विज्ञापन करने से निषेध कर दिया है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड द्वारा बनाये गए कपिला पशु आहार का विक्रय एवं भंडारण करना माननीय वाणिज्यिक न्यायालय के आदेश की अवमानना होगी जिसके लिए कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी एवं उसके समस्त हर्जे - खर्चे के उत्तरदायी भी आप स्वयं ही होंगे।

कपिला®
पशु आहार
निर्माता : कामधेनु कैटिल फीड्स प्रा० लि०
84/54, जरीब चौकी, जी.टी. रोड, कानपुर Ph.: 0512-2520177, 2520178,
7706001402, 7706000875, 9335981127
E-mail :info@kapilacattlefeed.com

विदेशियों को भाया 'काशी एक, रूप अनेक'

अमेरिका, न्यूयार्क और आस्ट्रेलिया के बायर्स ने टीएफसी में की खरीदारी, दिखाया उत्साह

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय हस्तकला संकुल में आयोजित काशी एक रूप अनेक कार्यक्रम में विदेशी बायर्स का उत्साह भी देखते बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के बाद विदेशी बायर्स ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की ओर से लगी प्रदर्शनी में खूब खरीदारी की, वहीं आकर्षक उत्पादों के साथ सेल्फी भी ली।

कार्यक्रम में मौजूद विभागीय अधिकारियों ने विदेशी बायर्स को हर उत्पाद की खासियत और खूबियों के बारे में विस्तार से बताया। यूपीआईडी की अध्यक्ष विप्रा शुक्ला ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दो दिन प्रदर्शनी और अंतिम दिन मंगलवार को विदेशी बायर्स को बनारस के कुछ मोहल्लों में घुमाया जाएगा। जहां बनारसी साड़ी, गायघाट और खोजवां के कारीगरों संग इनके भी भ्रमण कराकर बुनकरों और कारीगरों से मुलाकात कराया जाएगा।

जानें क्या कहते हैं आई हूं। इस तरह का कार्यक्रम पहले कभी नहीं देखा था। हुनर की एक ऐसी जगह से दुनिया भर में पहचान दिलाने वाला यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा है। - पैट्रेन, फैशन डिजाइनर, यूएसए

इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। एकदम अपने घर जैसा यहां महसूस किया। किस प्लेस पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है, इसका इंडिया बहुत जबरदस्त है। - ओलेंडिया, कनाडा-यूएसए

इस एरिया के कार्यक्रम से हमने कुछ नया सीखने को मिलता है। फार्म ट्रेडिंग आना हुआ लेकिन यहां आना सफल हुआ। तमाम सभी सदस्य को मैं देखा एकदम अद्भुत कार्यक्रम है। -मार्टिन, फैशन डिजाइनर, न्यूजीलैंड

प्रदर्शनी में उत्पादों को देखना अच्छा लगा। कुछ चीजों को हमने नोटबुक में नोट भी किया। यहां के मैटेरियल्स और हुनरबालों का कोई जवाब नहीं है। कार्यक्रम में आना बहुत ही अच्छा लगा। - क्रिस्टिन ओलसेन, यूएसए